CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 139 ▫ रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

एयर इंडिया हादसे में मृतकों की संख्या 297 हुई

पीएम मोदी ने अस्पताल में घायलों से की मुलाकात

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। अहमदाबाद एयर इंडिया विमान में मृतकों की संख्या 297 हो गयी है। पीएम मोदी ने सिविल अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। एआई-171 विमान दुर्घटना में घायलों से मिलने के लिए पीएम मोदी अहमदाबाद सिविल अस्पताल पहुंचे। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। अहमदाबाद एयर इंडिया विमान में मृतकों की संख्या 297 हो गयीअहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या 297 हो गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि केवल एक यात्री ही इस दुर्घटना में जीवित बचा है। मृतकों में 229 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य थे। इसके अलावा, विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उस समय वहां मौजूद 56 लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंच गए हैं और दुर्घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं।

लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 1.38 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया। कल गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। इस बीच, दुर्घटना की जांच में तेजी आ गई है। सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

जिस नंबर (1206) को जिंदगी भर अपने लिए लकी नंबर मानते रहे उसी तारीख को विजय रूपाणी की मौत हो गई

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के लिए 1206 जिंदगी भर लकी नंबर की तरह रहा। लेकिन 12 तारीख और छठे महीने को उनकी दर्दनाक मौत के चलते यह नंबर उनके लिए दुर्भाग्य का प्रतीक बन गया। हम आपको बता दें कि विजय रूपाणी 1206 नंबर के प्रति गहरी आस्था रखते थे। उनके सभी वाहनों/ स्कूटर से लेकर कार तक की नंबर प्लेट पर 1206 अंक होता था। उनके मित्र कहते हैं कि यह हमेशा उनका लकी चार्म रहा है। लेकिन किस्मत ने उनके साथ इसी नंबर के जरिये क्रूर खेल खेल दिया। 12 जून, यानी 12/06 को उनकी जीवन यात्रा समाप्त हो गई। हम आपको बता दें कि विजय रूपाणी उस एअर इंडिया उड़ान में सवार थे जो अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वह लंदन जा रहे थे, जहां उनकी पत्नी और बेटी उनका इंतजार कर रही थीं। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में पंजाब में भाजपा के प्रभारी रूपाणी को पहले 5 जून को लंदन जाना था लेकिन पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर 19 जून को होने वाले उपचुनाव के चलते उन्होंने उस समय अपनी यात्रा टाल दी थी क्योंकि उन्हें चुनाव प्रचार में रहना था। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मीडिया को इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भाग्य को शायद कुछ और ही मंजूर था। वह 5 जून को अपनी पत्नी के साथ रवाना होने वाले थे, लेकिन उपचुनाव प्रचार के लिए उन्होंने अपनी यात्रा टाल दी थी और बाद में लंदन जाने का निर्णय किया था।

विमान का लोहा तक गल गया, लेकिन मलबे से सुरक्षित मिली भगवद् गीता

अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट के क्रैश होने की खबर ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया है। टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद हुए इस हादसे में 241 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जांच तेज़ी से जारी है, लेकिन अब इस भयावह त्रासदी के बीच एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। बिहार के चर्चित यूट्यूबर और पूर्व बीजेपी नेता मनीष कश्यप ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि विमान के मलबे से भगवद् गीता की एक प्रति बिल्कुल सुरक्षित हालत में बरामद हुई है। उनके अनुसार, यह गीता एक यात्री के साथ थी और जब बचाव टीम मलबा खंगाल रही थी, तब यह पवित्र ग्रंथ बिल्कुल सही हालत में मिला — न एक पन्ना फटा, न कोई जलन या नुकसान। वीडियो में कथित तौर पर क्रैश साइट को दिखाया गया है, जहां राहत और बचाव कार्य जारी है। एक व्यक्ति हाथ में भगवद् गीता लिए हुए नजर आता है,

एयर इंडिया विमान की थाईलैंड में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री दहशत में

इधर थाईलैंड में एक एयर इंडिया के विमान को उस वक्त बम की धमकी मिली जब वह उड़ान पर था। सुरक्षा एजेंसियों को जैसे ही इस धमकी की जानकारी मिली, तुरंत एक्शन लेते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फिलहाल विमान और उसमें सवार सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली गई है। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षा एजेंसियां विमान की गहन जांच कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, कोई भी जोखिम नहीं लिया जा रहा और हर पहलू की सावधानीपूर्वक जांच की जा रही है। इस मामले में अभी तक किसी संगठन या व्यक्ति की ओर से जिम्मेदारी नहीं ली गई है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की तह तक जाने के लिए जांच में जुटी हैं। यात्रियों को अस्थायी रूप से एयरपोर्ट पर रोका गया है और उन्हें जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था से गंतव्य पर भेजने की तैयारी की जा रही है।

आरटीई से निजी स्कूलों में बच्चों की भर्ती में देरी

चार हजार सीटों पर अब तक प्रवेश नहीं

रायपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में बीपीएल श्रेणी के बच्चों के लिए आरक्षित सीटों में पहले चरण की लाटरी के बाद आवंटित 40 हजार सीटों में से 36 हजार सीटों पर प्रवेश हुआ है. 4 हजार सीटें अब भी खाली है. पहले चरण और पहले से रिक्त सीटों पर दूसरे चरण के प्रवेश के लिए अभी तक आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, जबकि दो जून से आवेदन शुरू हो जाना था. बताया जा रहा कि शिक्षा विभाग इन दिनों युक्तियुक्तकरण में उलझा है, जिसके चलते आरटीई में प्रवेश प्रक्रिया में देरी हो रही.

दो जून से शुरू होना था दूसरे चरण का आवेदन युक्तियुक्तकरण में उलझा है शिक्षा विभाग

आरटीई में निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए 25 फीसदी सीटें आरक्षित रहती है. इस सीटों पर हर साल प्रवेश दिया जाता है। इस साल 6628 निजी स्कूलों में आरटीई की 52035 सीटें आरक्षित हैं. इन सीटों के लिए एक लाख 5 हजार 372 आवेदन आए थे. पहले चरण में सभी 33 जिलों में 40 हजार सीटों के लिए लाटरी निकली. आवंटन के आधार पर चयनित बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश लेना था. जानकारी के मुताबिक, पहले चरण में 40 हजार में से 36 हजार बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश हो चुका है. 4 हजार सीटें अब भी खाली हैं. इन सीटों पर बच्चों ने विभिन्न कारणों से प्रवेश नहीं लिया. इन सीटों पर प्रवेश के लिए पुन: आवेदन मंगाए जाएंगे लेकिन अभी तक दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है. पूर्व में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जाती समय सारणी के अनुसार दूसरे चरण के लिए 2 जून से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाना था. बताते हैं शिक्षा विभाग का पूरा अमला इन दिनों युक्तियुक्तकरण में उलझा हुआ है, जिसके कारण आरटीई के दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया में देरी हो रही है.

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में सबसे ज्यादा 4953 सीटें रायपुर जिले में आरक्षित हैं. पहले चरण में 4510 सीटों के लिए लॉटरी निकली थी. इनमें से अब तक 3868 सीटों पर प्रवेश हो चुका है. इसी तरह दुर्ग जिले में 4292 सीटें हैं. पहले चरण में 3097 सीटों पर चयनित बच्चों ने 2772 सीटों पर प्रवेश लिया है. बिलासपुर में आरटीई की 4899 सीटें आरक्षित हैं. यहां चयनित 3760 सीटों में से 3262 सीटों पर प्रवेश हुआ है. वहीं जांजगीर जिले में 4463 सीटों में से 3460 सीटों के लिए लॉटरी निकली थी. इन सीटों में 3157 सीटों पर बच्चों का प्रवेश हुआ है.

विधायक गजेंद्र यादव घायल हुए, अस्पताल में भर्ती

दुर्ग, 13 जून (हाईवे चैनल)। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव आज सुबह बैडमिंटन खेलते समय घायल हो गए. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. राहत की बात है कि अब उनकी स्थिति स्थिर है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। जानकारी के मुताबिक, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव रोज सुबह की तरह उठकर अपने साथियों के साथ घर के सामने बैडमिंटन खेल रहे थे. इसी दौरान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े. इसके बाद उन्हें दुर्ग के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें नींद पूरी करने और आराम करने की सलाह दी. अस्पताल में विधायक गजेंद्र यादव का इलाज जारी है। वहीं गजेंद्र यादव की भर्ती होते ही भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, महामंत्री, महापौर अलका बाघमार, निगम के पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे थे. सभी ने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली और यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. बताया जा रहा कि 15 जून को विधायक गजेंद्र यादव का बर्थडे है.

ब्रेकिंग न्यूज

गांव में डायरिया का प्रकोप, 20 से अधिक पीड़ित, 3 लोगों की मौत

जांजगीर चांपा, 13 जून (हाईवे चैनल)। अकलतरा विकासखंड के अकलतरी गांव में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है. यहां 20 से अधिक लोग पीड़ित हैं. वहीं हफ्तेभर में तीन पीड़ितों की मौत हुई है. गांव में डायरिया फैलने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर मरीजों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है. गांव में डायरिया फैलने का कारण अज्ञात है. स्वास्थ्य विभाग की टीम और पीएचईके अधिकारी डायरिया फैलने की वजह जानने में जुटे हैं.



चूहा- सुनती हो, प्रदेश कांग्रेस दीपक बैज ने अरविंद नेताम को नोटिस भेजा है।
चुहिया- हां जी, सुर्खियों में रहने के लिए अच्छा है...!

संजय कपूर का हुआ निधन

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेस टाइकून संजय कपूर का आकस्मिक निधन हो गया है। इस खबर ने न सिर्फ कपूर परिवार को झकझोर दिया, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे भी शोक की इस घड़ी में करिश्मा के साथ खड़े नजर आए। सूत्रों के मुताबिक, संजय कपूर ब्रिटेन में थे और वहीं पोलो खेलते समय उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा। बताया जा रहा है कि खेल के दौरान उनके गले में मधुमक्खी का डंक लग गया था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। 53 साल के संजय का यूं अचानक दुनिया छोड़ जाना सभी के लिए चौंकाने वाला है।खबर मिलते ही करिश्मा कपूर की बहन करीना कपूर अपने पति सैफ अली खान के साथ देर रात करिश्मा के घर पहुंचीं। इस दौरान दोनों बहनों की आंखों में आंसू साफ देखे जा सकते थे। करीना ने करिश्मा को गले लगाकर सांत्वना दी और पूरे परिवार के साथ दुख शेयर किया। मलाइका अरोड़ा भी अपनी बहन अमृता अरोड़ा के साथ करिश्मा के घर शोक व्यक्त करने पहुंचीं। दोनों बहनों ने न सिर्फ करिश्मा को सहारा दिया बल्कि परिवार के दूसरे सदस्यों से भी मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं। विरल भयानी के ऑफिशयल इंस्टाग्राम पेज पर वीडियो पोस्ट किए गए हैं।

तहखाने में छिपाकर रखा था ड्रग्स 1.15 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

रायपुर/बिलासपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। ड्रग्स व नशे के अन्य कारोबार से बनाई 1.15 करोड़ की संपत्ति को सफेमा कोर्ट ने फ्रीज किया है. सिविल लाइन पुलिस ने प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया था. इसमें सफेमा कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संपत्तियों को फ्रीज करने का आदेश दिया है. आरोपी ने ड्रग्स के कारोबार से जमीन खरीद कर ढाबा खोल लिया था. ढाबे में ड्रग्स छुपाने के लिए तहखाना भी बनाया था. पुलिस ने ढाबे की जमीन, ढाबा, ढाबे के सामान को जब्त कर साफेमा कोर्ट में प्रकरण भेजा है.

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया कि बिलासपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान चेतना विरुद्ध नशा के तहत बिलासपुर पुलिस ने नशे के अवैध व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों की संपत्ति जब्त की है. एसएसपी रजनीश सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी श्याम श्रीवास और उसकी पत्नी सरोज श्रीवास की 1.51 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की चल-अचल संपत्ति फ्रीज की गई है. जांच में यह सामने आया कि आरोपी दंपति मादक पदार्थों का संगठित कारोबार चला रहे थे, जिससे अवैध रूप से मोटी कमाई कर रहे थे. इसी आय से उन्होंने ढाबा, फर्नीचर और घरेलू उपकरणों सहित विभिन्न संपत्तियां अर्जित की है.

आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास: पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि श्याम श्रीवास के विरुद्ध एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के तहत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. वहीं सरोज श्रीवास पर भी एनडीपीएस के मामले पंजीबद्ध हैं. दोनों पूर्व में जेल जा चुके हैं. बिलासपुर पुलिस द्वारा अब तक कुल 15 व्यक्तियों की लगभग 5.5 करोड़ रुपएमूल्य की संपत्तियां सफेमा न्यायालय को भेजी हैं. इनमें से 13 लोगों की संपत्ति को सफेमा कोर्ट द्वारा वैध ठहराया गया है, जबकि एक मामला अभी विचाराधीन है. इन संपत्तियों में प्लॉट, वाहन, बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट व बीमा पॉलिसियां सम्मिलित हैं. संपत्तियों में ग्राम पांड में 20 डिसमिल कृषि भूमि, उस पर बना पक्का ढाबा भवन, दो-दो आइसक्रीम व कोल्ड ड्रिंक फ्रीजर, टीवी, तीन कूलर, एक 6 सीटों वाला सोफा सेट, वाटर प्यूरिफायर और एक चिड़ीमार बंदूक शामिल हैं. इन सभी संपत्तियों को एनडीपीएस के अंतर्गत फ्रीज कर सफेमा विशेष न्यायालय को पुष्टि हेतु भेजा गया है.

ट्रैक्टर की चपेट में आने से सुहानी की मौत, बहन की हालत गंभीर

दुर्ग, 13 जून (हाईवे चैनल)। भिलाई के रूंगटा कॉलेज में एडमिशन की बात कर अपनी बहन के साथ लौट रही स्कूटी सवार सुहानी सिंह की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई. वहीं उसकी दूसरी बहन खुशी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे एम्स रायपुर रेफर किया गया है. इस घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है. जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मी नगर निवासी सुहानी और खुशी दोनों बहन कुरुद स्थित रूंगटा कॉलेज से एडमिशन की बात कर नगपुरा में चल रहे एनसीसी कैंप में शामिल अपनी तीसरी बहन से मिलने जा रही थी. इस दौरान कुठेलाभाठा स्थित आईआईटी भिलाई के गेट नंबर 2 के सामने मोड़ पर तेजी से आ रहे एक ट्रेक्टर ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया. यह हादसा इतना दर्दनाक था कि सुहानी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दूसरी बहन खुशी को लोगों ने श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया, लेकिन उसकी खराब स्थिति को देखते हुए उसे एम्स रायपुर रेफर किया गया.

गंगरेल के आसपास तेंदुआ कर रहा विचरण, सियार के शिकार के बाद बढ़ी दहशत

धमतरी, 13 जून (हाईवे चैनल)। जिले में नगरी सिहावा क्षेत्र के जंगलो में तेन्दुए की मौजूदगी के प्रमाण मिलते रहे है. अब गंगरेल के आसपास क्षेत्रो में तेन्दुएँ की चहल कदमी के सबूत मिले। जिससे लोगो में उत्सुकता के साथ दहशत बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों से गंगरेल व मरादेव इलाके में तेंदुआ देखे जाने की चर्चा थी। आखिरकार तेन्दुएं द्वारा एक सियार के शिकार की सूचना मिल रही है।

ज्ञात हो कि गुरुवार की सुबह मरादेव बस्ती से लगे जंगल में सियार का शव मिला। माना जा रहा है कि जिसे तेंदुए ने अपना शिकार बनाया था। वन विभाग की टीम गश्त करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील कर रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ साल से बरारी व कोटाभर्री के आसपास आये दिन तेंदुए देखे जाने की खबर मिलती रही है। मंगलवार को ग्राम मरादेव स्थित चटर्जी आम बगीचा में एक तेंदुए को देखा गया हालांकि सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया, इसके बाद दूसरे दिन बुधवार को शाम करीब 5 बजे तेंदुए को गंगरेल व मरादेव के बीच कोकड़ीपारा बस्ती के पास देखा गया। गुरुवार को सुबह मरादेव बस्ती से लगे जंगल में एक सियार का शव बरामद हुआ, जिसके गले के मांस को किसी जानवर ने नोचकर खाया हुआ था। तेंदुआ द्वारा सियार का शिकार किये जाने की पुष्टि होने पर ग्रामीण और भी दहशत में आ गए है। शाम होने के बाद छोटे बच्चो व पालतू जानवरों को घर से बाहर रखने लोग घबराने लगे है। पंचायत की ओर से भी ग्रामीणों को सतर्क व रात में घर के भीतर रहने की अपील की गई है। धमतरी वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार को शाम मरादेव में गौठान के पास एक सियार का शव मिला, जिसका शिकार संभवत: तेंदुए द्वारा किया गया है।

■ बीते तीन दिनो से कुछ स्थानों पर नजर आया तेन्दुआ, वन विभाग ने किया अलर्ट जारी

बहू ने की सास की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बालोद, 13 जून (हाईवे चैनल)। दो दिन पहले सास की हत्या करने वाली बहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. शादी के 8 साल बाद भी बहू को बच्चा नहीं होने से सास उन्हें बांझ बोलकर बेटे को दूसरी शादी करने कहती रहती थी. रोज-रोज के ताने से तंग होकर बहू ने कुल्हाड़ी से वारकर सास को मौत के घाट उतारा था. पुलिस ने आरोपी बहू को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है. पूरी घटना बालोद थाना क्षेत्र के बघमरा गांव की है. 10 जून को बालोद पुलिस को ग्राम बघमरा में गीता देवांगन की लाश खून से लथपथ घर में पड़ी होने की सूचना मिली थी. इस पर पुलिस ने तुरंत घटना स्थल पहुंचकर मृतिका के शव को पीएम के लिए भेजकर मकान का बारीकी से निरीक्षण किया. घर वालों और आस पड़ोस से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मृतिका के बहु खिलेश्वरी देवांगन पर बालोद पुलिस को संदेह हुआ, जिसको हिरासत में लिया गया. हत्या की गुत्थी सुलझाने संदेही बहू से बार-बार पूछताछ करने पर मृतिका की बहु खिलेश्वरी देवांगन ने बताया कि मेरी सास गीता बाई देवांगन आए दिन बांझ नि:संतान हो, आज तक बच्चा पैदा नहीं कर सके, तुम बोझ हो कहकर ताना मारती थी और अपने पुत्र को मुझे छोड़ने के लिए भड़काती थी. मेरे पति अपनी मां की बातों में आकर आये दिन मुझसे लड़ाई झगड़ा करता था. आरोपी बहू ने बताया, 10 जून को भी उसी बात को लेकर पुन: झगड़ा कर रही थी, तब गुस्से में आकर पास रखे हसिया से पहले उसके पैर, फिर चेहरा, जहां दिखा वहां बार-बार मारने लगी. मेरी सास लेटे-लेटे अपने हाथ से रोकने का प्रयास कर रही थी मैं हसिया से मारते जा रही थी जब मेरी सास मर गई तब मैं कुछ देर वहां बैठकर सोचती रही, उसके बाद मोहल्ले वालों को जाकर बताया कि मेरी सास खुद को चाकू मारकर बेहोश हो गई है.

CMYK